# हरियाणा विधान सभा

## अगस्त सत्र 2025

## अतारांकित प्रश्न

## 27 अगस्त 2025

----

**कुल प्रश्न** - 11

----

### महाविद्यालयों में रिक्त पदों को भरना

121 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि : -

क) 01.04.2025 तक राज्य के प्रत्येक जिले में राजकीय तथा सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के नाम क्या हैं तथा प्रत्येक श्रेणी में स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा प्रत्येक श्रेणी में रिक्त पदों की संख्या कितनी है:

ख) क्या नूंह जिले में राजकीय तथा सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में रिक्त पड़े पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इनके कब तक भरे जाने की संभावना है;

ग) यदि नहीं, तो इन रिक्त पदों के न भरे जाने के कारण क्या हैं; तथा

घ) 01.04.2025 तक प्रत्येक जिले में राजकीय तथा सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

----

### नहर आधारित पेयजल की आपूर्ति करना

122 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) क्या यह तथ्य है कि ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के केसुपुर, कोटली, कुत्ताबढ, मुसली, रत्ता खेड़ा, हुमायूं खेड़ा, अमृतसर कला, मिर्जापुर, तलवाड़ा खुर्द, बेहरवाला तथा धोलपालिया इत्यादि गांवों में भूमिगत जल पीने के योग्य नहीं है; तथा

ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त गाँवों में नहर आधारित पेयजल की आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## सीवरेज प्रणाली की मरम्मत करना

123 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि : -

क) क्या ऐलनाबाद शहर में क्षतिग्रस्त सीवरेज प्रणाली की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## नशा सेवन के खतरे पर अंकुश लगाना

124 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि सिरसा जिले में नशा सेवन के खतरे पर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए या उठाए जाने की संभावना है?

----

## ग्वार फसल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत शामिल करना

125 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि ;-

क) क्या ग्वार की फसल, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की सीमा राजस्थान के साथ लगती है जहां *ग्वार* खेती व्यापक रूप से की जाती है, को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत शामिल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, ;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है; तथा

ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

----

## अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना को लागू करना

126 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः -

क) क्या अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के लिए सरकार द्वारा कोई अलग कानून अधिनियमित किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक लागू किए जाने की संभावना है; तथा

ख) क्या विशेष घटक योजना के अंतर्गत आवंटित राशि वित्त वर्ष के अंत में व्यपगत हो जाती है या यह किसी अन्य खाते में स्थानांतरित हो जाती है?

----

## मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल को कार्यात्मक बनाना

127 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या पंचकूला में नवनिर्मित मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल, जिसका उद्‌घाटन 2024 के विधानसभा चुनावों से पहले किया गया था, स्वास्थ्य जांच तथा रोगी उपचार के लिए कार्यात्मक है; यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

ख) उपरोक्त अस्पताल के कब तक कार्यात्मक किए जाने की संभावना है; तथा

ग) क्या उपरोक्त अस्पताल के लिए अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है तथा अग्निशमन विभाग द्वारा अब तक कितने निरीक्षण करवाए गए है ?

----

## एक मरले के प्लॉट/फ्लैट आवंटित करना

128 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राजीव कॉलोनी तथा इंदिरा कॉलोनी, पंचकूला के निवासियों को एक-मरले के प्लॉट/फ्लैट आवंटित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, जिसके लिए वर्षों पहले पैसे जमा करवाए गए थे; यदि हां, तो उक्त आवंटन कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## अस्पताल की छत की मरम्मत करना

129 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि : -

क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला नागरिक अस्पताल में आपातकालीन, स्त्री रोग वार्ड, लेबर रूम तथा ऑपरेशन थिएटर की छतों से बारिश के दौरान रिसाव होता है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त सुविधाओं की मरम्मत कार्य कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय भवनों का निर्माण करना

130 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर में कैंप के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माणाधीन है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

ख) क्या यह भी एक तथ्य है कि हमीदा राजकीय विद्यालय की इमारत को कंडम घोषित कर दिया गया है; यदि हां, तो उक्त विद्यालय के पुराने भवन के स्थान पर नये भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## बिजली लाइन को स्थानांतरित करना

131 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह एक तथ्य है कि हाल ही में नलोई गांव में जोहड़ (तालाब) के बीच से गुजरने वाली उच्च-वोल्टेज बिजली की तारों के गिरने से कुछ पशुओं की मौत हो गई है; यदि हां, तो क्या उपरोक्त बिजली लाइन को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----